भारत के खिलाफ हाल ही में खेली गई पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान पावरप्ले में गेंदबाज़ी पर नियंत्रण न रख पाना हमारी टीम के लिए चिंता का एक प्रमुख विषय रहा। **-मिशेल सैंटनर**

न्यूज़ीलैंड के कप्तान, अपनी टीम की गैंदबाजी को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — **राशिद खान**

टी 20 इतिहास में 700 विकेट के मील के पत्थर को हासिल करने की कगार पर खडे अफ़ग़ानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने कहा कि यहां तक पहुंचना एक बड़ी उपलब्धि होगी। डेथ ग्रुप में मजबूत न्यूज़ीलैंड के खिलाफ टीम के अहम पहले मैच से पूर्व मीडिया से बात करते हुए, जिसमें दक्षिण अफ्रीका दूसरा मज़बूत दावेदार है (पांच टीमों के ग्रुप में से सिर्फ़ दो ही सुपर 8 में पहुंचेंगी), राशिद ने शनिवार को कहा, ''यह एक अच्छा एहसास है। मैंने 9-10 साल तक इंटरनेशनल क्रिकेट खेला है। यह मेरे लिए एक सपना होगा। मेरे लिए इसे हासिल करना बहुत खास है...मैंने इसके बारे में ज़्यादा नहीं सोचा था।''

क्या आप जानते हैं ?... टेस्ट क्रिकेट में लगातार चार साल तक 1000 रन बनाने का रिकॉर्ड मैथ्यू हेडन के नाम है। उन्होंने 2001 से 2004 तक लगातार चार बार 1000 या अधिक रन बनाए।

टी20 विश्व कप 2026: डबल प्रेशर से घबराया पाकिस्तान, क्या भारत के खिलाफ खेलेगा मैच?

नई दिल्ली, 7 फरवरी। टी20 विश्व कप का शुभारंभ शनिवार को कोलंबो में पाकिस्तान और नीदरलैंड के बीच मैच के साथ हुआ। हालांकि, 15 फरवरी को होने वाले बहुप्रतीक्षित भारत-पाकिस्तान मुकाबले पर अभी भी अनिश्चितता के बादल छाए हुए हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घोषणा की है कि टीम बांग्लादेश के साथ एकजुटता दिखाते हुए टूर्नामेंट में भारत के खिलाफ नहीं खेलेगी। इस बीच सूत्रों के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान के साथ इस स्थिति को उसी तरह संभाला है जैसे उसने अतीत में इसी तरह के संवेदनशील मुद्दों से निपटा है - टकराव के बजाय प्रक्रिया, मिसाल और संवाद पर ज़ोर देते हुए। सूत्रों का कहना है कि इसका उद्देश्य टी20 विश्व कप की गरिमा को बनाए रखना है, साथ ही खिलाड़ियों के कल्याण, प्रशंसकों की रुचि और आयोजन की निष्पक्षता को भी सर्वोपरि रखना है। सूत्रों के अनुसार, इस मामले पर आईसीसी ने संयमित लेकिन दृढ़ प्रतिक्रिया दी। दावे को सिरे से खारिज करने के बजाय, वैश्विक संस्था ने पीसीबी से यह स्पष्ट करने को कहा कि शेष मैचों में भागीदारी जारी रहने के बावजूद एक मैच पर अप्रत्याशित घटना (फोर्स मेज्योर) कैसे लागू हो सकती है। आईसीसी ने यह भी स्पष्ट करने को कहा कि पाकिस्तान ने स्थिति को संभालने के लिए क्या कदम उठाए थे - क्या उन्होंने कोई वैकल्पिक उपाय तलाशे, छूट मांगी या मैच से हटने से पहले कोई समाधान प्रस्तावित किया था। आईसीसी की विस्तृत प्रतिक्रिया प्राप्त होने के बाद, पीसीबी ने आगे की बातचीत शुरू करने के लिए संपर्क किया है। आईसीसी के एक अधिकारी के अनुसार, संभावित समाधानों पर विचार-विमर्श के लिए फिलहाल सुनियोजित तरीके से बातचीत चल रही है। सूत्रों के मुताबिक, मूल संदेश अपरिवर्तित है: खेल के हित एकतरफा निर्णयों से ऊपर होने चाहिए, और किसी भी निर्णय का परिणाम स्थापित प्रक्रिया और पूर्व उदाहरणों के अनुरूप होना चाहिए। वहीं, श्रीलंका के राष्ट्रपति ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से इस फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है और इस बात पर जोर दिया है कि अगर यह महत्वपूर्ण मैच तय समय पर नहीं होता है तो श्रीलंकाई बोर्ड को भारी वित्तीय नुकसान उठाना पड़ सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पीसीबी श्रीलंका सरकार से मिले अनुरोध पर विचार करने के लिए एक बार फिर पाक सरकार से परामर्श करेगा। एक एजेंसी सूत्र ने बताया कि स्पष्ट रूप से, पाकिस्तान के श्रीलंका के साथ सरकार स्तर और क्रिकेट स्तर पर हमेशा से ही घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं। इसलिए उनके बोर्ड के पत्र को यूं ही नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सूत्रों के अनुसार, श्रीलंका बोर्ड के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा ने मोहसिन नक़वी से सीधे संपर्क किया और उन्हें याद दिलाया कि श्रीलंका को पाकिस्तान से कितना महत्वपूर्ण समर्थन चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत-पाकिस्तान मैचों के बिना, श्रीलंका को टिकट बिक्री और होटल सेवाओं से होने वाली आय में भारी नुकसान होगा। नक़वी ने सिल्वा को आश्वासन दिया कि वे सरकार से परामर्श करेंगे और उसके अनुसार निर्णय लेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि मीडिया में छपी वे खबरें गलत हैं जिनमें दावा किया गया था कि पाकिस्तान ने श्रीलंका के अनुरोध को पहले ही अस्वीकार कर दिया है।

बीसीसीआई ने विश्व विजेता भारतीय अंडर-19 टीम को दिये 7.5 करोड़ रूपये

मुंबई, 7 फरवरी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अंडर-19 विश्वकप 2026 का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम के लिए साढ़े सात करोड़ रूपये के नगद पुरस्कार की घोषणा की है। बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने छठी बार अंडर-19 विश्वकप का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम, कोचिंग और सपोर्ट स्टाफ और जूनियर क्रिकेट कमेटी के लिए साढ़े सात करोड़ रूपये के नगद पुरस्कार की घोषणा की। सोशल मीडिया मंच एक्स पर देवजीत सैकिया ने कहा, ''भारत के इंग्लैंड को हराकर आईसीसी अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप जीतने के बाद पूरा देश खुश है... हमने विश्व कप जीतने वाली टीम के लिए 7.5 करोड़ रुपये के इनाम की घोषणा की है।'' उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को हरारे में खेले गये अंडर 19 विश्व कप के फाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 100 रनों से हराकर छठी बार खिताब जीता था।

चोटिल मलिंगा की जगह मदुशन को श्रीलंका की टीम में शामिल किया गया

कोलंबो, 7 फरवरी। प्रमोद मदुशन को इशान मालिंगा की जगह श्रीलंका की टी20 विश्व कप टीम में शामिल किया गया है। इंग्लैंड के ख़िलाफ इसी महीने घरेलू सीरीज के दूसरे टी20 में मलिंगा के कंधे पर चोट लगी थी। उस मैच को बारिश के कारण रोकना पड़ा था। उसके बाद जैसे ही मैच फिर से शुरू हुआ, पहले ही ओवर में फ़ॉलो थ्रू के दौरान मलिंगा को वह चोट लग गई। इसके बाद वह तीसरे टी20 में भी नहीं खेल पाए। 2025 के आईपीएल में मलिंगा ने कमाल की गेंदबाज़ी की थी। उसी कारण उन्हें राष्ट्रीय टीम में भी तरक्की मिली। उन्होंने पिछले साल नवंबर में श्रीलंका के लिए टी20 में डेब्यू किया था। अब तक उन्होंने कुल आठ टी20 मैच खेले हैं और 9.41 की इकॉनमी रेट से आठ विकेट लिए हैं। उनकी जगह पर टीम में रिप्लेसमेंट के तौर पर मदुशन को शामिल किया गया और उन्होंने भी आठ ही मैच खेले हैं। मदुशन ने 2022 में डेब्यू किया था।

भारत ने अमेरिका को 29 रनों से हराया

कप्तान सूर्या की फिफ्टी, सिराज को तीन विकेट

मुम्बई, 7 फरवरी। कप्तान सूर्यकुमार यादव (नाबाद 84) की अर्धशतकीय पारियों के बाद मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और अक्षर पेटल (दो-दो विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने शनिवार को टी-20 विश्वकप 2026 के तीसरे मुकाबले में अमेरिका को 29 रनों से हराया।

162 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमेरिका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 13 रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिये। ऐंड्रियस गौस (छह) को मोहम्मद सिराज ने आउट किया। इसके बाद अगले ही ओवर में अर्शदीप सिंह ने कप्तान मोनांक पटेल (शून्य) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। चौथे ओवर में सिराज ने साई तेजा एम (दो) का शिकार कर लिया। इसके बाद मिलिंद कुमार और संजय कृष्णमूर्ति की जोडी ने चौथे विकेट के लिए 58 रन जोड़े। 12वें ओवर में वरूण चक्रवर्ती ने मिलिंद कुमार को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। मिलिंद कुमार ने 34 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 34 रन बनाये। 16वें ओवर में अक्षर पटेल ने संजय कृष्णमूर्ति का शिकार किया। संजय कृष्णमूर्ति ने 31 गेंदों में एक चौका और दो छक्के उडाते हुए 37 रनों की पारी खेली। इसी ओवर की अगली ही गेंद पर अक्षर ने हरमित सिंह (शून्य) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। 18वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने मोहम्मद मोहसिन (आठ) को आउटकर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। मैच की आखिरी गेंद पर मोहम्मद सिराज ने शुभम रांजने (37) को आउट किया। अमेरिका की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 132 रन ही बना सकी और मुकाबला 29 रनों से हार गई। भारत के लिए मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने दो-दो विकेट लिये। वरुण चक्रवर्ती ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां अमेरिका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने अभिषेक शर्मा (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद तिलक वर्मा और इशान किशन ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच 37 रनों की साझेदारी हुई। छठें ओवर में शैडली वान शाल्कविक ने तीन विकेट झटक कर भारत को बैकफुट पर धकेल दिया। इशान किशन (20), तिलक वर्मा (25) और शिवम दुबे (शून्य), हार्दिक पंड्या (पांच) रन पर आउट हुई। 77 रन पर छह विकेट गंवाने पर संकट में फंसी भारतीय टीम को अक्षर पटेल ने सूर्यकुमार यादव के साथ संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने सातवें विकेट के लिए 41 रन जोड़े। 17वें ओवर में हरमित सिंह ने अक्षर पटेल (14) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। अर्शदीप सिंह (चार) और वरूण चक्रवर्ती (शून्य) पर आउट हुये, हालांकि इस दौरान सूर्यकुमार यादव एक छोर थामे तेजी के साथ रन बनाते रहे। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 161 रन का स्कोर बनाया। सूर्यकुमार यादव ने 49 गेंदों में 10 चौके और चार छक्के उडाते हुए नाबाद 84रनों की पारी खेली। अमेरिका के लिए शैडली वान शाल्कविक ने चार विकेट लिये। हरमित सिंह को दो विकेट मिले। अली खान और मोहम्मद मोहसिन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

ए प्लस से बी वर्ग में खिसके रोहित और कोहली

मुंबई, 7 फरवरी। टेस्ट और टी 20 से संन्यास ले चुके पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की अनुबंध सूची में ए प्लस से बी वर्ग में खिसक गए हैं। इस बार किसी भी खिलाड़ी का नाम ए प्लस वर्ग में नहीं है। टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और आलराउंडर रवींद्र जडेजा केंद्रीय अनुबंध के ए वर्ग में रखे गए हैं जबकि टी20 कप्तान सूर्य कुमार यादव बी वर्ग में हैं।

बीसीसीआई ने साल 2025-26 के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची को मंजूरी दी जिसमें कुल 30 पुरुष खिलाड़ियों को जगह दी गई है : पुरुष खिलाड़ियों की केंद्रीय अनुबंध सूची

ए वर्ग: शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा। **बी वर्ग:** रोहित शर्मा, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, वाशिंगटन सुंदर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, मोहम्मद सिराज, रिषभ पंत, कुलदीप यादव, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर। **सी वर्ग:** अक्षर पटेल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, शिवम दुबे, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, ध्रुव जुरैल, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, नीतीश कुमार रेड्डी, अभिषेक शर्मा, साई सुदर्शन, रवि बिश्नोई, रुतुराज गायकवाड़।

हल्के वक्त में घबराना नहीं, अच्छे वक्त में पागल होना नहीं : सूर्यकुमार

मुंबई, 7 फरवरी। सूर्यकुमार यादव घरेलू मैदान पर खासकर मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में विश्व कप में भारत की कप्तानी करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि घर पर खेलने से अतिरिक्त प्रेरणा और जिम्मेदारी मिलती है, लेकिन उनकी टीम दबाव का सामना करने के लिए तैयार है। टूर्नामेंट के लिए सूर्यकुमार का मंत्र है अच्छा क्रिकेट खेलने पर ध्यान केंद्रित करना। भारत शनिवार को वानखेड़े स्टेडियम में अमेरिका के खिलाफ अपने खिताब का बचाव शुरू करेगा, जिसका लक्ष्य टी20 विश्व कप खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बनना और अपने खाते में तीसरी टी20 विश्व कप ट्रॉफी जोड़ना है।

30 साल की उम्र में 2021 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले सूर्यकुमार के लिए यह एक विशेष क्षण है, क्योंकि घरेलू क्रिकेट की तमाम मेहनत, आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए शानदार प्रदर्शन और एक भारतीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के रूप में संघर्ष के बाद, उन्हें आखिरकार कप्तान के रूप में घरेलू विश्व कप खेलने और उस मैदान पर टूर्नामेंट शुरू करने का मौका मिला है जहां से भारत के मिस्टर-360 के करियर की शुरुआत हुई थी।

बीसीसीआई की आधिकारिक वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में, सूर्यकुमार, जो वीडियो के दौरान मरीन ड्राइव पर एक कार में थे, जहां टी20 विश्व कप 2024 की जीत के बाद एक भव्य ट्रॉफी परेड हुई थी, ने उस आयोजन का हिस्सा होने पर अपने विचार व्यक्त किए, जहां हजारों उत्साहित भारतीय प्रशंसक अपने नायकों के साथ खिताब की जीत का जश्न मनाने के लिए एकत्रित हुए थे। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले, यहां (टी20 विश्व कप के जश्न के बाद ट्रॉफी परेड के दौरान) ठीक से सांस लेने की भी जगह नहीं थी। यह एक अविश्वसनीय अनुभव था क्योंकि मैंने इसे पहली बार अनुभव किया था। जब तक आप इसका अनुभव नहीं करते, तब तक आप इसे नहीं जानते। जब मैंने इस भावना को उभरते हुए नए खिलाड़ियों को समझाया, तो वे जोश से भर गए।

उन्होंने टीम के मंत्र के बारे में भी बात करते हुए कहा, ''हल्के वक्त में घबराना नहीं, अच्छे वक्त में पागल होना नहीं।'' उन्होंने आगे कहा कि अपने घरेलू मैदान पर, अपने दर्शकों के सामने टी20 विश्व कप में कप्तानी करने को लेकर मैं बेहद उत्साहित हूं। यह एक अच्छी चुनौती और बड़ी जिम्मेदारी है। दबाव तो है, लेकिन हम अच्छा क्रिकेट खेलकर इसे पार करने की कोशिश करेंगे। यह एक खास एहसास है, मैंने अपना सारा क्रिकेट यहीं खेला है, यहां तक कि फ्रेंचाइजी क्रिकेट भी। इसलिए भारत में वापस जाना, अपनी जर्सी में खेलना, विश्व कप में टीम की कप्तानी करना, मुझे बेहद रोमांच और थोड़ी घबराहट महसूस हो रही है। पेट में थोड़ी बेचैनी होगी, लेकिन मुझे यकीन है कि साथी खिलाड़ी और प्रशंसक मेरा काम आसान कर देंगे।

इंग्लैंड ने विश्व कप के पहले मैच के लिए प्लेइंग की घोषणा की

मुंबई, 7 फरवरी। इंग्लैंड ने रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में नेपाल के खिलाफ पुरुष टी20 वर्ल्ड कप के पहले ग्रुप मैच के लिए अपनी प्लेइंग की घोषणा कर दी है। हैरी ब्रूक टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि पूर्व कप्तान जोस बटलर विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। इंग्लैंड की बल्लेबाजी की शुरुआत फिल साल्ट और बटलर करेंगे। मिडिल ऑर्डर में जैकब बेथेल और टॉम बैंटन के साथ ब्रूक, सैम करेन और विल जैक्स शामिल हैं। इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर करेंगे, जिन्हें ल्यूक वुड, लियाम डॉसन और आदिल राशिद का साथ मिलेगा। यह मैच टूर्नामेंट में इंग्लैंड का पहला मैच है।क्योंकि वे नेपाल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत कर रहे हैं। **इंग्लैंड :** फिल साल्ट, जोस बटलर , जैकब बेथेल, टॉम बैंटन, हैरी ब्रूक (कप्तान), सैम करेन, विल जैक्स, लियाम डॉसन, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, ल्यूक वुड।

शेफर्ड का पंजा, वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को 35 रनों से हराया

कोलकाता, 7 फरवरी। शिमरॉन हेटमायर (64) और ब्रैंडन किंग (35) की शानदार बल्लेबाजी के बाद रोमारियो शेफर्ड (पांच विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज ने शनिवार को टी-20 विश्वकप के दूसरे मुकाबले में स्कॉटलैंड को 35 रनों से शिकस्त दी।

183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्कॉटलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 37 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिये। माइकल जोंस (एक), ब्रैंडन मक्मलेन (14) और जॉर्ज मंसी (19) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद कप्तान रिचर्ड बेरिंग्टन और टॉम ब्रूस की जोड़ी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए 78 रन जोड़े। 14वें ओवर में जेसन होल्डर ने रिचर्ड बेरिंग्टन को आउटकर इस साझेदारी को अंत किया। रिचर्ड बेरिंग्टन ने 24 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए 42 रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में गुडाकेश मोती ने टॉम ब्रूस को पगबाधा आउटकर पवेलियन भेज दिया। टॉम ब्रूस ने 28 गेंदों में एक चौका और दो छक्के लगाते हुए 35 रन बनाये।

इसके बाद रोमारियो शेफर्ड की गेंदबाजी के आगे स्कॉटलैंड की पारी ताश के पत्तों की तरह ढहती चली गई। स्कॉटलैंड ने 133 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवाये। 19वें ओवर की पांचवें गेंद पर जेसन होल्डर ने मार्क वॉट (15) को आउटकर स्कॉटलैंड की पारी का 147 के स्कोर पर अंत कर दिया। इसी साथ वेस्टइंडीज ने 35 रनों मुकाबला जीत लिया।

वेस्टइंडीज के लिए रोमारियो शेफर्ड ने पांच विकेट लिये। जेसन होल्ड को तीन विकेट मिले। गुडाकेश मोती और शमार जोसेफ ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। हेटमाएर को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। इससे पहले आज यहां स्कॉटलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के लिए ब्रैंडन किंग और कप्तान शाई होप की जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 52 रन जोड़े। नौवें ओवर में माइकल लीस्क ने शाई होप (19) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में ऑलिवर डेविडसन ने ब्रैंडन किंग को आउटकर वेस्टइंडीज को दूसरा झटका दिया। ब्रैंडन किंग ने 30 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए 35 रनों की पारी खेली। रोवमन पॉवेल ने 14 गेंदों में दो छक्के और एक चौका लगाते हुए 24 रन बनाये।

डेविस कप के पहले मैच में नागल डेन ओडेन से हारे, नीदरलैंड्स 1-0 से आगे

बेंगलुरु, 7 फरवरी। भारत का डेविस कप 2026 अभियान एक चुनौतीपूर्ण नोट पर शुरू हुआ, क्योंकि सुमित नागल शनिवार को एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में पहले राउंड के टाई के शुरुआती सिंगल्स मैच में नीदरलैंड्स के डेन ओडेन से हार गए। डेन ओडेन ने 6-0, 4-6, 6-3 से जीत हासिल की, जिससे नीदरलैंड्स को 1-0 की महत्वपूर्ण बढ़त मिली, लेकिन मुकाबला स्कोरलाइन से कहीं ज़्यादा पेचीदा था।भारत के टॉप रैंक वाले सिंगल्स खिलाड़ी नागल पहले सेट में अपनी लय नहीं पकड़ पाए। डेन ओडेन आक्रामक इरादे से उतरे, बेसलाइन से खेल को कंट्रोल किया, अपने स्पिन में बदलाव किया, और लगातार गहरे, सटीक शॉट लगाए जिससे भारतीय खिलाड़ी से गलतियाँ हुईं। बार-बार सर्विस ब्रेक करते हुए, डच खिलाड़ी ने पहला सेट 6-0 से जीत लिया, जिससे नागल बैकफुट पर आ गए और उनके मानसिक संतुलन की परीक्षा हुई। स्थानीय दर्शक शोर मचा रहे थे, लेकिन डेन ओडेन ने उस एनर्जी को बिना खुद पर हावी होने दिए सोख लिया।दूसरा सेट लचीलेपन और रणनीतिक बदलाव का उदाहरण था। नागल ने खुद को संभाला, अपनी पहली सर्विस को बेहतर किया, और गेंद को जल्दी लेना शुरू किया, जिससे डेन ओडेन को लंबी रैलियों में जाना पड़ा।

मरुधरा, राजपूताना, जयपुर प्राइड और डेजर्ट वारियर्स अंतिम 4 में

जयपुर, 7 फरवरी। मरुधरा बीकाना, राजपूताना, जयपुर प्राइड और डेजर्ट वारियर्स ने शनिवार को यहां जयपुर क्लब में शुरू हुई

42वीं राज्य स्तरीय ब्रिज प्रतियोगिता में टीम ऑफ फोर डुप्लीकेट स्पर्धा के सेमी फाइनल में प्रवेश कर लिया।

टूर्नामेंट डायरेक्टर एनके शर्मा के अनुसार प्रतियोगिता में जयपुर, उदयपुर, बीकानेर, भीलवाड़ा, जोधपुर और कोटा की दस टीमें हिस्सा ले रही हैं। पांच राउण्ड के मुकाबलों के बाद मरुधरा बीकाना ने 78.18 अंकों के साथ शीर्ष पर रहते हुए सेमी फाइनल में प्रवेश किया। वहीं राजपूताना टीम 68.92 अंकों के साथ दूसरे, जयपुर प्राइड 61.25 अंकों के साथ तीसरे और डेजर्ट वॉरियर्स 52.14 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए अंतिम चार में पहुंची हैं। सेमी फाइनल में मरुधरा बीकाना का मुकाबला जयपुर प्राइड से होगा, जबकि दूसरा सेमी फाइनल राजपूताना और डेजर्ट वॉरियर्स के मध्य खेला जाएगा। सेमी फाइनल में आठ-आठ बोर्ड के दो सैशन खेले जाएंगे।

राजस्थान ब्रिज एसोसिएशन के तोषनीवाल अध्यक्ष, माथुर सचिव : राजस्थान कॉन्टेक्ट ब्रिज एसोसिएशन के शनिवार को यहां जयपुर क्लब में हुए चुनाव में आनन्द तोषनीवाल को अध्यक्ष और केपी माथुर को सचिव पद पर चुना गया। चुनाव अधिकारी राजेन्द्र कुमार के अनुसार एसोसिएशन की साधारण सभा की बैठक में कार्यकारिणी के सभी पदों के लिए निर्विरोध निर्वाचन हुआ। पूर्व अध्यक्ष डीबी चौधरी को खेल के विकास में उनके अमूल्य योगदान को देखते हुए एसोसिएशन का एमिरेट्स प्रेसिडेंट बनाया गया है।

नई कार्यकारिणी : अध्यक्ष- आनन्द तोषनीवाल, उपाध्यक्ष- दिनेश गलुंडिया, श्रीमती सुषमा अग्रवाल, सचिव- केपी माथुर, कोषाध्यक्ष- एनके शर्मा, संयुक्त सचिव (एमपी)- जीके व्यास, संयुक्त सचिव (एडमिन)- पीके अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य- अमिताब मुखर्जी, डा. सतीश पाण्डे।

उदघाटन मैच में सुराना एकेडमी की रोमांचक जीत

जयपुर, 7 फरवरी। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित व वन रियलिटी द्वारा प्रायोजित के एल सैनी ए डिवीजन लीग में आज के एल सैनी स्टेडियम पर खेले गए मैच में सुराना एकेडमी ने यूनियन क्रिकेट क्लब को रोमांचक मैच में एक विकेट से हराया। आज प्रातः सुराना एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले यूनियन क्रिकेट क्लब को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया । यूनियन क्रिकेट क्लब ने आदित्य शर्मा के 42 रन, देव प्रताप के 11 रन, आरव सैनी के 31 रन, आदित्य टांक के 49 रन, पुरु देवदवाल के 15 रन से 47.3 ओवर में 214 रन बनाए। सुराना एकेडमी के लिए प्रशांत यादव ने 35 पर 3, आदित्य झाला ने 20 पर 2, आदित्य वाधवा ने 29 पर 2, आशीष चोपड़ा, ऋषभ मोदी व अभिषेक यादव ने एक - एक विकेट लिया। जवाबी पारी में सुराना एकेडमी ने आर्यमन कटारिया के 64 रन, आदित्य झाला के 43 रन, अभिषेक यादव के 44 रन, हर्ष परवानी के 20 रन नाबाद व आशीष चोपड़ा के 17 रनो से 40.5 ओवर में 9 विकेट पर 215 रन बनाकर रोमांचक जीत दर्ज की। यूनियन क्रिकेट क्लब के लिए आदित्य टांक ने 52 पर 3, आदित्य शर्मा ने 45 पर 2, देवराज सैनी व दीपक चौधरी ने एक - एक विकेट लिया। मैच से पूर्व उदघाटन समारोह में प्रतियोगिता के प्रायोजक वन रियलिटी के डायरेक्टर कृष्णा गुप्ता, पूर्व रणजी कप्तान विनोद माथुर, जेडीसीए एडहॉक कमेटी के कन्वीनर सुरेश शर्मा, सदस्य राजेश ताम्बी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर महेंद्र सिंह राजवी, हरि चरण गौतम, मोहम्मद सलीम, ओम शर्मा, तपेश कौशिक, रणजीत सैनी, प्रमोद सिंह, दिनेश सोयला, सौरभ मेहता प्रवीण शर्मा, विकी बारी सहित अनेक खिलाड़ी उपस्थित रहे।

इस अवसर कन्वीनर सुरेश शर्मा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जयपुर जिला क्रिकेट संघ की प्रतियोगिताओं की शुरुआत आज ए डिवीजन लीग से हुई है तथा आने वाले 4 महीनों में बी डिवीजन लीग, सी डिवीजन लीग, हॉट वेदर, महिला ए डिवीजन लीग, अंडर 19 व अंडर 16 के टूर्नामेंट आयोजित किए जाएंगे जिससे जयपुर के हर आयु वर्ग के खिलाड़ियों को टूर्नामेंट खेलने को मिलेंगे। सभी टूर्नामेंट अच्छे मैदानों पर पूरी सुविधाओं के साथ आयोजित किए जाएंगे।

पूर्व रणजी खिलाड़ी स्व. शमशेर सिंह की स्मृति में 21 मार्च से ''ए'' डिवीजन लीग

जयपुर, 7 फरवरी। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा महिला खिलाड़ियों के लिए पूर्व रणजी खिलाड़ी स्व. शमशेर सिंह की स्मृति में दिनांक 21 मार्च से ''ए'' डिवीजन लीग की आयोजित की जाएगी। महिला ए डिवीजन लीग पहली बार आयोजित की जाएगी तथा हर वर्ष आयोजित होगी। इस लीग में 6 टीम भाग लेगी। प्रत्येक टीम में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किए हुए 4 खिलाड़ी जयपुर के बाहर से शामिल किए जाएंगे। यह प्रतियोगिता रंगीन पोशाक में सफेद बॉल से खेली जाएगी। प्रतियोगिता लीग कम नॉक आउट आधार पर आयोजित होगी। सभी टीमों को 50 ओवर के 5 लीग मैच खेलने को मिलेंगे। सभी मैचों को यू ट्यूब पर लाइव किया जाएगा।

एन.बी एकेडमी की जीत में विहान, रिशभ, रोहन व लक्षित चमके

जयपुर, 7 फरवरी। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित प्रथम श्रीमती मुमताज खान स्मृति रिशभ नोगिया 3 रन पर 3 विकेट, रोहन मीणा 30 रन पर 3 विकेट, लक्षित 25 रन पर 3 विकेट की शानदार गेंदबाजी पर खेले गए मैच में विहान जैन 61 रन की अद्धर्शतकीय पारी तथा रिशभ नोगिया 3 रन पर 3 विकेट, रोहन मीणा 30 रन पर 3 विकेट, लक्षित 25 रन पर 3 विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत एन.बी. क्रिकेट एकेडमी ने शास्त्री क्रिकेट एकेडमी को 8 विकेट से हराकर सेमीफाईनल में प्रवेश किया जहां उसका मुकाबला नैना क्रिकेट एकेडमी से होगा। टॉस जीतकर शास्त्री एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जतिन शर्मा 31 रन निखिल सोनी 22 रन, अर्नव 17 रन व मोहम्मद भाटी 12 रन को छोडकर कोई भी बल्लेबाज एन.बी एकेडमी के गेंदबाजों रिशभ नोगिया 3 रन पर 3 विकेट, रोहन मीणा 30 रन पर 3 विकेट, लक्षित 25 रन पर 3 विकेट की शानदार गेंदबाजी के समक्ष नहीं टिक सका और पूरी टीम 32.4 ओवर में 132 रन बनाकर सिमट गयी। जवाबी पारी में एन.बी एकेडमी की ओर से विहान जैन 61 रन (36 गेंद, 13 चौके) देवांश सिंह उप्पल 30 रन ने मिलकर 9.2 ओवर में 97 रन की साझेदारी निभाकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। शौर्य धिमन 12 रन नाबाद मौनिक धवन 11 रन नाबाद की मदद से विजय लक्ष्य 127 रन 2 विकेट खोकर 13.4 ओवर में हासिल कर 8 विकेट से जीत दिलाकर अपनी टीम को सेमीफाईनल में पहुंचा दिया।

केजीके रॉयल्स और राजपूताना राइडर्स के बीच ड्रॉ रहा एग्जीबिशन मैच

वी पोलो और ऑप्टिमस अचीवर्स के बीच होगा फाइनल का मुकाबला

जयपुर, 7 फरवरी। जयपुर पोलो सीजन 2026 के अंतर्गत शनिवार को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर केजीके पोलो कप का एग्जीबिशन मैच खेला गया। यह रोमांचक मुकाबला दोनों टीमों केजीके रॉयल्स और राजपूताना राइडर्स के बीच ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

दोनों टीमों के बीच 6-6 का स्कोर रहा। टीम केजीके रॉयल्स से भवानी सिंह काल्वी ने 4 गोल किए। रणशेय पुरोहित और शुभम गुप्ता ने 1-1 गोल हासिल किया। टीम से मैनुअल पराडो भी खेले। वहीं, राजपूताना राइडर्स की ओर से डीनो धनखड़ ने 3 गोल, हुर्र अली ने 2 गोल और कुलदीप सिंह राठौड़ ने 1 गोल किया। टीम में प्रताप सिंह कानोता भी शामिल थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजस्थान के उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, नवरत्न कोठारी, सिद्धार्थ कोठारी और महाराजा सवाई पद्मन